**ब्रूमीज इंडिया प्रा. लिमिटेड के घरेलू सहायक के लिए अनुबंध।**

| सहायक का नाम: Chahat | सहायक का कॉन्टैक्ट नंबर: 1 9319866035 2 9303819517 |
|---|---|
| सहायक का पता: Gram Teori Sleemnabad Katni Madhya Pradesh | सहायक का ID no. 4975 7880 5013 |

**महत्वपूर्ण:** आप ब्रूमीज इंडिया प्रा.लि. के कर्मचारी नहीं हैं। ब्रूमीज आपकी नियुक्ति करवाता है, लेकिन आपको काम करवाने वाला अंतिम ग्राहक (क्लाइंट) आपकी तनख्वाह देता है और आप उनके पेरोल पर होते हैं।

**1. नियुक्ति और सेवा का पालन**

- आपको ब्रूमीज़ के जरिए काम मिलता है, और आपको ब्रूमीज़ के नियम, शिष्टाचार और सेवा निर्देशों का पालन करना होगा।
- आप केवल ब्रूमीज़ की लिखित अनुमति के बिना किसी अन्य ग्राहक के यहां काम नहीं कर सकते हैं। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
- काम शुरू करने से पहले आपकी पिछली नौकरी और किसी भी दस्तावेज की जांच और पुलिस सत्यापन ब्रूमीज़ करेगा। अगर किसी दस्तावेज में गड़बड़ी पाई गई, तो आपको 5,000 रुपये जुर्माना देना होगा और कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

**2. कार्यक्षेत्र और समय**

- आपका काम सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक 18 घंटे की उपलब्धता में होगा। पर रोज़ काम 10 घंटे से ज्यादा नहीं होगा जब तक दोनों पक्ष सहमत न हों।
- अगर किसी चीज़ या मशीन (जैसे गैस, मिक्सर, वॉशिंग मशीन, या कोई नया सामान) को चलाना आपको ठीक से नहीं आता है, तो उसे छूने या चलाने से पहले अपने मालिक (क्लाइंट) से जरूर पूछें और उनकी इजाजत लें। बिना पूछे ऐसी कोई चीज़ इस्तेमाल न करें।
- आप काम करते हुए किसी भी अनुचित या गैरकानूनी काम में शामिल नहीं होंगे। ऐसा पाए जाने पर तुरंत नौकरी से हटा दिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

Chahat

**3. वेतन और भुगतान**

- आपका मासिक वेतन क्लाइंट सीधे ब्रूमीज़ को देगा, और ब्रूमीज़ हर महीने 7 से 10 तारीख के बीच आपका वेतन आपके खाते में ट्रांसफर करेगा। आप क्लाइंट से बिना ब्रूमीज़ के किसी अधिकारी की लिखित अनुमति के सीधे वेतन नहीं ले सकते। अगर किसी वजह से क्लाइंट ने ब्रूमीज़ को आपका वेतन नहीं दिया, तो वेतन लेने की जिम्मेदारी आपकी होगी और ब्रूमीज़ इस मामले में जिम्मेदार नहीं होगा।अगर आपने छुट्टियां ली हैं तो वेतन से घटाई जाएंगी।
- आप अपने कमाए हुए वेतन का अधिकतम 25% एडवांस के रूप में माँग सकते हैं। यह एडवांस भी ब्रूमीज़ के माध्यम से ही दिया जाएगा, बशर्ते ग्राहक ने उसकी राशि ब्रूमीज़ को भुगतान की हो।

**4. रहने और भोजन की व्यवस्था**

- क्लाइंट आपके रहने की व्यवस्था करेगा। अगर निजी कमरा नहीं मिलता तो सामान्य कमरे में रहना होगा।
- गद्दा, तकिया, चादर जैसी बुनियादी सामग्री क्लाइंट देगा, लेकिन शैम्पू, साबुन, कंघी जैसी व्यक्तिगत चीजें आपको खुद लानी होंगी।

**5. अनुबंध की अवधि, छुट्टियां और नौकरी छोड़ना**

- ****आपका अनुबंध 6 माह के लिए होगा।****
- अगर आप अनुबंध पूरा नहीं करना चाहते, तो आपको ब्रूमीज़ को 5,000 रुपये मुआवजा देना होगा। यदि आप काम छोड़ने के बाद 3 महीने के अंदर फिर से जुड़ जाते हैं, तो यह रकम आपको वापस कर दी जाएगी।
- अगर आप बिना ब्रूमीज़ और क्लाइंट की अनुमति के नौकरी बीच में छोड़ देते हैं, तो ब्रूमीज़ आपकी तनख्वाह देने या वसूली करने का जिम्मेदार नहीं होगा और आपकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी ब्रूमीज़ पर नहीं होगी।

**6. अनुशासन और व्यवहार**

- **शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार जैसी गंभीर स्थिति के अलावा, 30 कार्यदिवस पूरे होने से पहले क्लाइंट बदलने की मांग स्वीकार नहीं होगी।

Chahat

- अगर आप काम करने से इनकार करते हैं या ब्रूमीज़ के अन्य रोजगार प्रस्ताव ठुकराते हैं, तो ब्रूमीज़ आपके वेतन से 5,000 रुपये जब्त कर सकता है।
- आपके पास ऐसी कोई भी नकदी या सामान नहीं होना चाहिए जो आपकी खुद की न हो, जब तक कि ग्राहक ने इसके लिए आपको लिखित में अनुमति न दी हो और ब्रूमीज़ ने भी इसे मंजूर किया हो। अगर बिना अनुमति के ऐसा पाया गया, तो इसे चोरी माना जाएगा। इस वजह से आपको ब्रूमीज़ से हटा दिया जाएगा, आपका वेतन रोका जा सकता है, और पुलिस शिकायत भी की जा सकती है।

**7. बीमा और सुरक्षा**

- आपके पास स्वास्थ्य बीमा होना जरूरी है। अगर बीमा प्रमाण नहीं दिखा पाए तो ब्रूमीज़ आपके वेतन से बीमा का शुल्क काटकर बीमा करवाएगा।
- ब्रूमीज़ आपके आवागमन या काम के दौरान हुई किसी हानि या चोट के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**8. अन्य बातें**

- ब्रूमीज़ आपके लिए काम की जगह चुनता है, यदि क्लाइंट आपकी सेवा से संतुष्ट नहीं है तो बिना पूर्व सूचना के आपको बदल सकता है। केवल रोजगार योग्य होने पर ही दूसरा मौका मिलेगा।
- अगर आपने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद ब्रूमीज़ के माध्यम से काम करने से मना कर दिया या काम से फरार हो गए, तो आपको ब्रूमीज़ को 5,000 रुपये प्रक्रिया शुल्क के रूप में देना होगा।

**मैं, chahat, उपरोक्त सभी शर्तों को समझता/समझती हूँ और इन्हें स्वीकार करता/करती हूँ। मैं जानता/जानती हूँ कि मैं ब्रूमीज़ का कर्मचारी नहीं हूँ बल्कि अंतिम ग्राहक के पेरोल पर हूँ।**

दिनांक: 29/08/2025

सहायक के हस्ताक्षर: chahat

ब्रूमीज़ प्रतिनिधि के हस्ताक्षर: [signature]

BROOMEES INDIA PRIVATE LIMITED

**यदि कोई भी शर्त समझ में न आये तो कृपया ब्रूमीज़ के अधिकारी से स्पष्टता अवश्य लें। आपके लिए शुभकामनाएँ।**